दिनांक 15 जुलाई 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

विभिन्न विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन, मोहल्ले वासियों ने आतिशबाजी के साथ किया महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव का स्वागत

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने वार्ड 40 सेक्टर 7 के क्षेत्र में दुर्गा मंच निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य जैसे पेवर ब्लॉक लगाना, फेंसिंग तथा वार्ड 39 में पुल निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया! बड़ी संख्या में उपस्थित मोहल्ले वासियों ने आतिशबाजी के साथ महापौर देवेंद्र यादव के पहुंचने पर उनका स्वागत किया! मंच पर लगे हुए कुर्सियों को देखकर महापौर देवेंद्र यादव ने मोहल्ले वासियों के साथ कुर्सी लगाने हेतु कहा और लोगों के बीच जाकर बैठ गए! कार्यक्रम का संचालन कर रहे लक्ष्मीपति राजू एवं कार्यक्रम में उपस्थित मोहल्ले के भागीरथी , दलबीर सिंह, मुकेश सोनी, शंकरराव, मुरली राव, रॉबिन, चंपू जम्मूदार, मनीता सोनी, राय पवार, रितेश गिरी, रोजाभैया, कुशवाहा, जितेंद्र, जयप्रकाश नायर, सुमित, सौरभ, अफरोज, रवीशंकर सिंह, डी थामस, हेमंत रायडू, कमलजीत सिंह, ललित दुबे, कपिल भल्ला, अजीत दुबे, असगर अली, विजय, नीरज सोनी, मुकेश कौशिक, अमित दुबे, डी नवीन, सत्या पासवान, पी क्रिस्टोफर, जी विनोद, सविता ठाकुर, टी जानकी, सुनीता देवी तारा सिन्हा, पुष्पलता, पी कस्तूरी, बी लक्ष्मी, भागीरथी, प्रिया देवांगन, भुनेश्वरी वर्मा, गीता देवी, शकुंतला देवी ने मंच पर पदस्थ महापौर देवेंद्र यादव एवं श्रीमती ललिता रेड्डी वार्ड पार्षद वार्ड क्रमांक 65 का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं पुष्पहार से किया! सर्वप्रथम महापौर देवेंद्र यादव ने मोहल्ले वासियों से भूमि पूजन का आग्रह कर भूमि पूजन के लिए फूल चढ़ाकर, नारियल फोड़कर, अगरबत्ती जलाकर एवं कुदाली चलाकर मोहल्ले वासियों के साथ मिलकर विधिवत रूप से भूमि पूजन किया तत्पश्चात कार्य की आधारशिला रखी लगभग छह लाख की लागत से होने वाले कार्य के लिए भूमि पूजन कर शुरुआत की गई! तत्पश्चात वार्ड 39 में नव निर्माण होने वाले पुल के निरीक्षण के लिए मोहल्ले वासियों के साथ वहां पहुंचे परंतु श्री यादव ने पुल को देखते ही कहा कि यह पुल पैदल आने-जाने व दुपहिया वाहन के लिए काम आएगा इसी के समीप दूसरा बड़ा पुल तैयार करने की मंजूरी दी जिसमें चार पहिया वाहन भी आवागमन कर सकते हैं एवं रोड से मोहल्ले की कनेक्टिविटी भी हो जाएगी साथ ही मोहल्ले के निवासियों की मांग सीमेंट रोड निर्माण कराने की भी घोषणा वहीं पर की! श्री यादव ने अपने उद्बोधन में कहा बड़ी संख्या में आप लोग उपस्थित हुए हैं, महापौर परिषद के सदस्य एवं पार्षद लक्ष्मीपति राजू हमेशा एक्टिव होकर काम करते हैं! लोगों की मांग पर ही हम कार्य कर रहे हैं , विभिन्न आयोजन इस दुर्गा मंच में होता है जिसमें विभिन्न समाज के लोग अपना कार्यक्रम करते हैं , निर्माण हो जाने के पश्चात भी कार्यक्रम में सम्मिलित होने मैं आऊंगा, कार्य भले ही छोटा है परंतु जन भावनाओं से जुड़ा हुआ है! मुझे बुलाया इसके लिए मैं आप सभी को धन्यवाद देता हूं! भूमि पूजन कार्यक्रम में महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, वार्ड 65 की पार्षद ललिता रेड्डी सहित बड़ी संख्या में मोहल्ले के निवासी उपस्थित रहे!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है जल ही जीवन है!